>

Title: Need for widening and repairing of N.H. Nos. 7 & 75 besides construction of a bypass on N.H.-75 in Satna, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग क्0 75 जो कि सतना शहर से होकर निकलता है, उसमें बाईपास बनाये जाने की लम्बे समय से मांग की जा रही है। इसी तरह सतना से सेमरिया-इलाहाबाद मार्ग जिनके प्रस्ताव राज्य सरकार ने सैंट्रल रोड़ फंड से बनाये जाने के लिए भेजे हैं, उनकी स्वीकृति कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ साथ एन.एच. 7 एवं 75 का चौड़ीकरण एवं मरम्मत कराया जाना आवश्यक है, जिससे उक्त सड़कों में दिनों दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।